

jalandharcitylive.com | jalandharcitylive | jalandharcitylive | jalandharcitylive

जालंधर

24 घंटे 365 दिन सिटी लवर्स न्यूज

* अनमोल वचन *

"जब मनुष्य का मन शांत होता है, तभी वह सच्ची खुशी पाता है।"

वर्ष:5 | अंक : 294 | पृष्ठ:4 | मूल्य: 5 रुपये | जालंधर, शुक्रवार 27 नवम्बर, 2026 | संपादक: रमेश चन्द्र नेय्यर: 9855559913

St. Soldier GROUP OF INSTITUTIONS SINCE 1958
EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE
64 YEARS OF EXCELLENCE — More Than Just Education... — 2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses
➤ FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
➤ FREE SPORTS & GYM FACILITIES ◄
CANADIAN PATHWAY PROGRAMS

ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg. • Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg. • Tool Engg. (Automobile Engg.)

HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, Front Office, Bakery, F&B)

PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science • D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T. • B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology • B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care • B.Sc. Optometry

LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years) • B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.

POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg. • Automobile • Electronics & Communication

MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com • M.B.A. • Diploma in Business Management

DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)

MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing

INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA

NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)

ADMISSION OPEN

ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing

TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.

INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.

/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com
LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE
ORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565

भाजपा में लगातार हो रही अनदेखी को लेकर छलका कैप्टन का दर्द

कैप्टन अमरिंदर सिंह ने पीएम मोदी से पूछा- 'साहब, मेरी कोई जरूरत है या नहीं ?'

● नाराज कैप्टन ने पार्टी की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए ● कैप्टन ने भाजपा के कामकाज के तरीके पर असंतोष व्यक्त किया

जालंधर सिटी
लवर्स न्यूज

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अमरिंदर सिंह का पार्टी में लगातार हो रही अनदेखी को लेकर दर्द छलक पड़ा है। भाजपा में शामिल होने के पांच साल बाद भी राजनीतिक रूप से हाशिए पर रखे जाने से नाराज कैप्टन ने पार्टी की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने खुलासा किया है कि वे इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी सीधे तौर पर बात कर चुके हैं। कामकाज के तरीके पर असंतोष जताते हुए कहा कि भाजपा में शामिल हुए उन्हें पांच साल बीत चुके हैं, लेकिन न तो दिल्ली में और न ही पंजाब स्तर पर किसी ने उनसे कोई ठोस राजनीतिक चर्चा की है। उनके मुताबिक, पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात के लिए समय मिलना बेहद कठिन है और साल में मुश्किल से एक बार ही भेंट हो पाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुई अपनी मुलाकात का जिक्र करते हुए कैप्टन ने बताया कि उन्होंने सीधे पूछा, ÷साहब, मेरी कोई जरूरत है या नहीं?÷ जब पीएम ने इसका मतलब पूछा, तो कैप्टन ने साफ कहा कि पांच साल हो गए हैं और आपको पंजाब में मेरी जरूरत ही नहीं पड़ी। अपने 60 साल के लंबे राजनीतिक अनुभव का हवाला देते हुए उन्होंने तंज कसा कि पार्टी तेलंगाना जैसे राज्यों से नेताओं को भेजकर पंजाब का कामकाज



सौंप देती है, लेकिन जो लोग पंजाब की नब्ज को बखूबी समझते हैं, उनके लिए नेतृत्व के पास समय नहीं है। स्वास्थ्य कारणों से सक्रिय राजनीति से कुछ समय दूर रहने के सवाल पर कैप्टन ने स्पष्ट किया कि पहले कमर की सर्जरी और फिर घुटना बदलवाने के कारण उन्हें थोड़ा समय जरूर लगा, लेकिन अब वे पूरी तरह फिट हैं। इसके बावजूद पार्टी में उनकी स्थिति जस की तस बनी हुई है। उन्होंने बताया कि उनके सवाल के जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा था कि हम देख रहे हैं। इस पर कैप्टन ने जवाब दिया कि साहब, आप पांच साल से देख ही रहे हैं, यह लंबा समय होता है। इस मुलाकात के बाद भाजपा के पंजाब प्रभारी सतीश पूनिया का फोन आया था, जिन्होंने चंडीगढ़ आकर मिलने की बात कही है।

कांग्रेस की गुटबाजी पर कसा तंज, हाईकमान को दी 'डंडा' चलाने की सलाह

भाजपा से नाराजगी के बीच कैप्टन अमरिंदर सिंह ने अपनी पुरानी पार्टी कांग्रेस के मौजूदा हालात पर भी टिप्पणी की। पंजाब कांग्रेस में चल रही आंतरिक कलह पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव के वक्त प्रताप सिंह बाजवा, चरणजीत सिंह चन्नी और परगट सिंह जैसे नेताओं के अलग-अलग गुट बन गए हैं, जो उनके दौर में कभी नहीं थे। कांग्रेस के भीतर एक खास सिस्टम काम करता है। यदि चुनाव से ठीक पहले पार्टी हाईकमान सख्ती दिखाए यानी 'डंडा' चलाए, तो सभी नेता एकजुट हो जाएंगे।



पंजाब में आज होगा ब्लैक आउट

- सुरक्षा तैयारियों को जांचने के लिए किया जाने वाला अभ्यास
- केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशों के तहत आयोजित की जा रही



जालंधर सिटी
लवर्स न्यूज

पंजाब में शुक्रवार यानी 27 नवंबर की रात लोगों को कुछ देर के लिए ब्लैकआउट का सामना करना पड़ सकता है। राज्य के सभी जिलों में रात 8 बजे एयर रेड और ब्लैकआउट को लेकर मॉक ड्रिल करवाई जाएगी। इस दौरान सायरन बजाए जाएंगे और प्रशासन की ओर से निर्धारित इलाकों में गैर-जरूरी लाइटें बंद रखी जाएंगी। हालांकि, लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि यह किसी आपात स्थिति का संकेत नहीं बल्कि सुरक्षा तैयारियों को जांचने के लिए किया जाने वाला अभ्यास है। अभ्यास पूरा होने के बाद लगातार दो मिनट तक सायरन बजाया जाएगा। यह 'ऑल क्लियर' का संकेत होगा। इसके बाद मॉक ड्रिल समाप्त होने की सूचना दी जाएगी और निर्धारित क्षेत्रों में सामान्य गतिविधियां फिर से शुरू हो सकेंगी। यह मॉक ड्रिल केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशों के तहत आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य सिविल डिफेंस की तैयारियों और आपातकालीन हालात में विभिन्न विभागों की प्रतिक्रिया क्षमता का आकलन करना है। मॉक ड्रिल की शुरुआत रात 8 बजे दो मिनट तक तेज आवाज में उतार-चढ़ाव वाले सायरन बजाकर की जाएगी। लोगों और संबंधित विभागों को एयर रेड की चेतावनी का संकेत दिया जाएगा। डिप्टी कमिश्नरों की ओर से पहले से निर्धारित क्षेत्रों में ब्लैकआउट करवाया जाएगा। इन इलाकों में रहने वाले लोगों को गैर-जरूरी लाइटें बंद रखने के निर्देश दिए हैं। हालांकि, अस्पतालों और अन्य जरूरी सेवाओं को सामान्य रूप से जारी रखा जाएगा। इस मॉक ड्रिल में केवल सायरन और ब्लैकआउट ही नहीं, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए कई तरह की गतिविधियां भी की जाएंगी। इस दौरान आग बुझाने, खोज एवं बचाव अभियान चलाने, घायलों को प्राथमिक उपचार देने और प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का अभ्यास होगा। इसके अलावा ट्रैफिक व्यवस्था और भीड़ को नियंत्रित करने की तैयारियों को भी परखा जाएगा।

प्रशासन ने की अपील-सायरन सुनकर न घबराएं लोग

प्रशासन ने पंजाब के लोगों से अपील की है कि इस अभ्यास को लेकर किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। रात के समय सायरन बजने और कुछ इलाकों में लाइटें बंद होने पर घबराने की जरूरत नहीं है। यह केवल सिविल डिफेंस की तैयारियों को मजबूत करने और आपातकालीन स्थिति में बेहतर तरीके से काम करने के लिए आयोजित की जा रही मॉक ड्रिल है।

अमिताभ बच्चन और दिलजीत दोसांझ फिर निशाने पर

बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' पर निशाना



- 27 को दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट पर हमले की धमकी दी गई

जालंधर सिटी
लवर्स न्यूज

मुंबई। मुंबई में 26/11 आतंकी हमलों की 18वीं बरसी के दिन एक बार फिर दहशत फैलाने की कोशिश की गई है। गुरुवार को मिले एक धमकी भरे ईमेल में बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा', बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) मुख्यालय में स्थित मेयर कार्यालय और शहर के कई प्रमुख स्थानों को बम से उड़ाने की चेतावनी दी गई है। ईमेल में शुक्रवार, 27 नवंबर को महालक्ष्मी रेस कोर्स में आयोजित होने वाले दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट पर हमले की धमकी दी गई है। इस चेतावनी के बाद कार्यक्रम की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। ईमेल में मुंबई के मेट्रो रेल नेटवर्क को भी निशाना बनाने की बात कही गई है।

मेयर और BMC कमिश्नर को भेजा गया ईमेल

धमकी भरा ईमेल मुंबई की मेयर ऋतु तावड़े और BMC कमिश्नर अश्विनी भिड़े को संबोधित करते हुए भेजा गया है। इसमें कई महत्वपूर्ण ठिकानों का जिक्र किया गया है। 26/11 हमलों की बरसी पर इस तरह की धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियों के सामने एक बार फिर चुनौती खड़ी हो गई है।

2027 पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक गतिविधियां तेज

भाजपा से गठबंधन के बाद जालंधर पहुंचे सुखबीर बादल

सरबजीत मक्कड़ और मनोरंजन कालिया से की मुलाकात

जालंधर सिटी
लवर्स न्यूज

जालंधर/जतिनः 2027 पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर बादल ने अपनी राजनीतिक गतिविधियां बढ़ा दी हैं। वह लगातार पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं। पंजाब में अकाली दल और भाजपा के बीच गठबंधन की चर्चाओं के बाद सुखबीर बादल जालंधर पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा नेता सरबजीत सिंह मक्कड़ के घर जाकर मुलाकात की। भाजपा पूर्व मंत्री मनोरंजन कालिया सहित कई नेता और कार्यकर्ता रहे।



सुखबीर बादल बोले- लोगों की अरदास है गठजोड़

इसी सिलसिले में वह नेताओं के घर पहुंचकर उनके साथ बैठकें कर रहे हैं और पंजाब की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा कर रहे हैं। जालंधर में नेताओं से मुलाकात के बाद सुखबीर बादल ने कहा कि उन्होंने शहर में आकर लीडरशिप के साथ बातचीत की है। उन्होंने अकाली दल और भाजपा के गठबंधन को लेकर कहा कि यह गठजोड़ लोगों की अरदास है। गठबंधन विरोधी ताकतों के खिलाफ है। उनके इस बयान को पंजाब में राजनीतिक समीकरणों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

'श्री गुरु रविदास समाज पार्टी बेगमपुरा सांझा फ्रंट' की राजनीतिक गतिविधियां तेज

- 'चुम्मे वाली भाभी' के नाम से मशहूर रणजीत कौर को अपनी पार्टी में एंट्री करवाई
- अब बदलाव चाहते हैं और चाहते हैं उनके 117 उम्मीदवार जल्द विधानसभा पहुंचे

जालंधर सिटी
लवर्स न्यूज

पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर नीटू शटरांवाले ने भी कमर कस ली है। 'श्री गुरु रविदास समाज पार्टी बेगमपुरा सांझा फ्रंट' प्रमुख नीटू शटरांवाले ने पंजाब की 117 सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा किया है। नीटू ने कहा कि उनके गुरुओं का संदेश 'बेगमपुरा बसाओ' है और इसी सोच के साथ आज फ्रंट का इंडिया प्रजा पार्टी के साथ गठजोड़ हुआ है। नीटू ने 'चुम्मे वाली भाभी' के नाम से मशहूर रणजीत कौर को अपनी पार्टी में एंट्री करवाई। लोग अब बदलाव चाहते हैं और चाहते हैं कि उनके 117 उम्मीदवार जल्द विधानसभा पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि अब तक 20 उम्मीदवारों की सूची आ चुकी हैं। साथ ही उन्होंने अपनी आने वाली फिल्म को लेकर भी दिलचस्प खुलासा किया।



नीटू शटरांवाला दो जगह से लड़ेंगे चुनाव

***नीटू** शटरांवाला ने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उन्होंने कमिश्नर को जान से मारने की धमकी मिलने की शिकायत दी थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि अक्सर घटना होने के बाद ही कार्रवाई की जाती है। इस दौरान उन्होंने चिंकू शीशियां वाले, सरदार सुच्चा सिंह और परमजीत सिंह सहित अन्य साथियों का भी जिक्र किया। चुनाव लड़ने को लेकर उन्होंने कहा कि वे दो जगहों से चुनाव लड़ेंगे एक जालंधर से और दूसरी सीट पर बड़े नेताओं के खिलाफ मैदान में उतरेंगे।*

26-11-2026_Layout 1 27-11-2026 01:26 Page 2

सरकारी खजाने को कथित नुकसान पहुंचाने के मामले में ईडी की जांच तेज

- पंजाब के मुख्य सचिव केपी सिन्हा को ईडी का समन, जालंधर कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया
- पंजाब सरकार के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंची जांच की आंच

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

चंडीगढ़। पंजाब में भ्रष्टाचार और सरकारी खजाने को कथित नुकसान पहुंचाने के मामले में श्वष्ठ की जांच तेज हो गई है। अब इस जांच की आंच पंजाब सरकार के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंच



गई है। श्वष्ठ ने पंजाब के मुख्य सचिव केपी सिन्हा को समन जारी कर 26 नवंबर को जालंधर स्थित कार्यालय में पूछताछ के लिए पेश होने के निर्देश दिए हैं। यह जांच मोहाली के रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स में कथित अनियमितताओं से जुड़ी हुई है, जिसकी शुरुआत मई 2026 में हुई थी। अगस्त में ढ्ढस अधिकारी कंवलप्रीत बराड़ से दो बार पूछताछ की गई। वहीं, पूर्व मुख्य सचिव अनुराग वर्मा को भी 31 अगस्त को समन जारी किया गया था। वह 9 सितंबर को जालंधर स्थित श्वष्ठ कार्यालय पहुंचे थे, जहां उनसे 8 घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ हुई थी। इसके अलावा सितंबर में श्वष्ठ ने त्रस्ठ्ठ मुख्यालय और हाउसिंग विभाग से जुड़े 26 ठिकानों पर छापेमारी की थी। नवंबर में त्रस्ठ्ठ के मुख्य प्रशासक संदीप ऋषि और हाउसिंग विभाग के प्रमुख सचिव विकास गर्ग को भी समन भेजे गए थे।

जमीन अधिग्रहण से बिल्डरों को रियायत देने की जांच

ईडी इस पूरे मामले में जमीन अधिग्रहण, नीलामी, जमीन आवंटन, सीएलयू मंजूरी और बिल्डरों को कथित तौर पर दी गई रियायतों से जुड़े फैसलों की जांच कर रही है। अब मुख्य सचिव केपी सिन्हा और वित्त विभाग के प्रमुख सचिव को समन भेजे जाने के बाद यह मामला और भी चर्चा में आ गया है।

50 करोड़ की ठगी का आरोपी 9 साल बाद गिरफ्तार

शादी समारोह में कीर्तन करते पकड़ा गया; दाढ़ी बढ़ाकर बदल लिया था हुलिया

- 18 प्रतिशत सालाना ब्याज का लालच देकर लोगों से निवेश करवाए थे करोड़ों रुपये, जीरकपुर में छिपकर काट रहा था फरारी

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

बठिंडा। पंजाब के बठिंडा में करीब 50 करोड़ रुपये की कथित ठगी के मामले में पिछले नौ साल से फरार चल रहे आरोपी राम सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हैरानी की बात यह है कि आरोपी ने पुलिस से बचने के लिए अपना हुलिया पूरी तरह बदल लिया था। उसने दाढ़ी बढ़ाकर अमृतधारी सिख का रूप धारण कर लिया और कीर्तन करने लगा। आखिरकार एक शादी समारोह में गुरुद्वारा साहिब में कीर्तन करते



समय वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जानकारी के अनुसार, आरोपी राम सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर वर्ष 2012 में सर्व एग्रो इंडिया लिमिटेड नाम से कंपनी बनाई थी। कंपनी ने बठिंडा सहित पंजाब के कई शहरों में अपनी शाखाएं खोलीं। लोगों का विश्वास जीतने के लिए मशरूम फार्म और अन्य कारोबार दिखाए गए। निवेशकों को एफडी, आरडी और ट्रेडिंग जैसी योजनाओं में पैसा लगाने पर 18 प्रतिशत सालाना ब्याज देने का लालच दिया गया। कंपनी की ओर से अलग-अलग निवेश योजनाएं चलाई गईं। एक योजना के तहत लोगों को हर महीने एक हजार रुपये जमा करवाने के लिए कहा गया। छह साल में कुल 72 हजार रुपये जमा करवाने पर मैच्योरिटी के समय 1 लाख 29 हजार 600 रुपये लौटाने का वादा किया गया था। आरोप है कि कंपनी के संचालक वर्ष 2016-17 में निवेशकों की रकम लेकर फरार हो गए और वर्ष 2017 में बठिंडा स्थित कार्यालय भी बंद कर दिया गया। इंसाफ की लहर खातेदार वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन गुरभेज सिंह को 21 नवंबर को सूचना मिली कि आरोपी अपने गांव न्योर आया हुआ है और गांव महिमा भगवाना में एक शादी समारोह में शामिल होने वाला है। उन्होंने वहां पहुंचकर बदले हुए हुलिये के बावजूद आरोपी को पहचान लिया और तुरंत बठिंडा के एसएसपी को सूचना दी। पुलिस ने 22 नवंबर को सादे कपड़ों में शादी समारोह के आसपास निगरानी शुरू कर दी। आरोपी जब गुरुद्वारा साहिब में कीर्तन करने पहुंचा तो पुलिस ने बाहर उसका इंतजार किया। दोपहर करीब ढाई बजे कीर्तन के बाद बाहर निकलते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

जीरकपुर में छिपकर रह रहा था आरोपी

पुलिस जांच के अनुसार, आरोपी पिछले करीब नौ साल से जीरकपुर में छिपकर रह रहा था। अदालत उसे पहले ही भगोड़ा घोषित कर चुकी थी। इस मामले में कंपनी के प्रबंध निदेशक अमरजीत सिंह ढींगरा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अब पुलिस राम सिंह से पूछताछ कर ठगी की रकम और अन्य आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

पठानकोट से ऑनलाइन ठगी का एक चौंकाने वाला मामला

फेसबुक पर STEP COUNTING ऐप डाउनलोड करना पड़ा महंगा! साइबर ठगों ने बैंक खातों से निकाले लाखों रुपये!

- ऐप डाउनलोड करते ही उसका मोबाइल फोन हैक हो गया
- अलग-अलग बैंक खातों से 1 लाख 38 हजार निकाल लिए
- अनजान लिंक पर क्लिक करने से पहले पूरी जांच जरूर करें

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

पठानकोट। पंजाब के पठानकोट से ऑनलाइन ठगी का एक



चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां फेसबुक पर 'स्टेप काउंटिंग' ऐप डाउनलोड करना एक युवक को महंगा पड़ गया। ऐप डाउनलोड करते ही उसका मोबाइल फोन हैक हो गया और साइबर ठगों ने उसके अलग-अलग बैंक खातों से करीब 1 लाख 38 हजार रुपये निकाल लिए। ठगी का पता चलने पर युवक ने साइबर क्राइम पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत केस नंबर 41 दर्ज किया है। मामले की जांच इंस्पेक्टर अमित सिंह कर रहे हैं। पुलिस को दी शिकायत में गांव बखनूर, थाना तारागढ़ निवासी रोहित ने बताया कि 22 नवंबर 2026 को वह अपने घर पर मोबाइल में फेसबुक चला रहा था। इसी दौरान उसकी स्क्रीन पर 'स्टेप काउंटिंग' ऐप का विज्ञापन दिखाई दिया। ऐप की जानकारी लेने के बाद उसने उसे डाउनलोड करने के लिए दिए गए लिंक पर क्लिक कर दिया। शिकायतकर्ता के मुताबिक, ऐप डाउनलोड करते ही उसका मोबाइल फोन हैक हो गया।

अनजान APK फाइल और लिंक से रहें सावधान

इसके बाद साइबर ठगों ने उसके मोबाइल का एक्सेस हासिल कर लिया और अलग-अलग बैंक खातों से कई अनधिकृत ट्रांजेक्शन कर करीब 1.38 लाख रुपये निकाल लिए। साइबर विशेषज्ञों और पुलिस ने लोगों से अपील की है कि फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर दिखने वाले अनजान विज्ञापनों, क्क्य फाइलों और थर्ड-पार्टी ऐप को डाउनलोड करने से बचें। अनजान लिंक पर क्लिक करने से पहले उसकी पूरी जांच जरूर करें।

अब जान पाएंगे-कौन-सा प्रोडक्ट सेहत के लिए कितना नुकसानदायक

अब चिप्स, कोल्ड ड्रिंक्स पर भी दी होगी वार्निंग, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और FSSAI को जारी किए आदेश

जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस विनोद चंद्रन की बेंच ने की सुनवाई

- पैकेट पर ये निशान छह कोनों वाले होंगे और लाल रंग में दिखाई देंगे
- हर निशान पर स्पष्ट 'हाई शुगर', 'हाई सॉल्ट' या 'हाई फैट' लिखा होगा

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

नई दिल्ली। खाने-पीने की पैकेट बंद चीजें खरीदने से पहले अब ग्राहकों को यह समझना आसान हो सकता है कि कौन-सा प्रोडक्ट सेहत के लिए



कितना नुकसानदायक है। सुप्रीम कोर्ट ने ज्यादा चीनी, नमक और फैट वाले खाद्य पदार्थों के पैकेट पर अलग-अलग लाल रंग के वॉर्निंग सिंबल लगाने के निर्देश दिए हैं। इन निशानों के जरिए ग्राहकों को साफ तौर पर बताया जाएगा कि संबंधित प्रोडक्ट में किस चीज की मात्रा तय सीमा से अधिक है। कोर्ट ने केंद्र सरकार और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) को इस संबंध में जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। मामले की सुनवाई जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने की। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के मुताबिक, जिन खाद्य पदार्थों में चीनी, नमक या फैट की मात्रा ज्यादा होगी, उनके पैकेट पर अलग-अलग चेतावनी वाले निशान लगाने होंगे। ये निशान छह कोनों वाले होंगे और लाल रंग में दिखाई देंगे। हर निशान पर संबंधित सामग्री की तस्वीर के साथ स्पष्ट रूप से 'हाई शुगर', 'हाई सॉल्ट' या 'हाई फैट' लिखा होगा। प्रोडक्ट खरीदने से पहले पैकेट देखकर ही समझ सकेंगे उसमें किस पोषक तत्व की मात्रा अधिक है। कोर्ट ने खाद्य पदार्थों में चीनी और फैट की मात्रा जांचने के लिए स्पष्ट मानक अपनाने को कहा है। चीनी की मात्रा का आकलन करने के लिए Total Sugar को आधार बनाया जाएगा।

FSSAI वैज्ञानिक जांच के बाद तय करेगा नई सीमाएं

सुप्रीम कोर्ट ने स्वस्थ्ठ को निर्देश दिया है कि चीनी, नमक और फैट की अधिकतम मात्रा तय करने के लिए वैज्ञानिक जांच का सहारा लिया जाए। इसके आधार पर इन खाद्य पदार्थों के लिए निर्धारित सीमाओं की दोबारा समीक्षा की जाए और नई सीमा तय की जाए। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को खाद्य पदार्थों की सही जानकारी देना और उन्हें खरीदारी के दौरान सोच-समझकर फैसला लेने में मदद करना है।

WHATSAPP का एक नया फीचर किया जा रहा पेश

WHATSAPP यूजर्स की बड़ी टेंशन खत्म, अब BIRTHDAY से लेकर REMINDER तक कर सकेंगे शेड्यूल

- तय समय पर ऑनलाइन रहने की जरूरत नहीं होगी
- निश्चित तारीख और समय पर भेजने का सेट कर सकेंगे
- 10 मिनट बाद व 14 दिन आगे का समय चुन सकते हैं
- दुनिया के सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध कराया जाएगा

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

नई दिल्ली। WHATSAPP यूजर्स के लिए एक नया फीचर पेश किया जा रहा है, जिसकी मदद से अब मैसेज भेजने के लिए तय समय पर ऑनलाइन रहने की जरूरत नहीं होगी। कंपनी ने MESSAGE SCHEDULING फीचर को रोलआउट कर दिया है। इसके जरिए यूजर्स अपनी पर्सनल और ग्रुप चैट में मैसेज पहले से लिखकर किसी निश्चित तारीख और समय पर भेजने के लिए सेट कर सकेंगे। इस फीचर में यूजर्स कम से कम 10 मिनट बाद और अधिकतम 14 दिन आगे तक का समय चुन सकते हैं। आने वाले कुछ हफ्तों में इसे दुनियाभर के सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

जन्मदिन की बधाई से जरूरी रिमाइंडर तक

WhatsApp का यह नया फीचर कई मौकों पर उपयोगी साबित हो सकता है। उदाहरण के तौर पर, अगर आपको परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देनी हैं, तो रात



में ही मैसेज लिखकर सुबह का समय निर्धारित कर सकते हैं। किसी मीटिंग, पार्टी या अन्य कार्यक्रम से पहले ग्रुप में जरूरी रिमाइंडर भेजने के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। यूजर्स को मैसेज भेजने के लिए अलार्म लगाने या सही समय का इंतजार करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

WhatsApp पर शेड्यूल कर सकेंगे मैसेज

यूजर्स को कुछ आसान स्टेप्स फॉलो करने होंगे। सबसे पहले WhatsApp खोलकर उस पर्सनल या ग्रुप चैट में जाएं, जहां मैसेज भेजना है। इसके बाद अपना मैसेज टाइप करें और स्द्धठ्ठस्र बटन को कुछ देर तक दबाकर रखें। इसके बाद स्क्रीन पर तारीख और समय चुनने का विकल्प दिखाई देगा। सुविधा के अनुसार तारीख और समय निर्धारित करने के बाद शेड्यूल की पुष्टि कर दें। तय समय आते ही मैसेज अपने आप भेज दिया जाएगा।

फोटो और वीडियो भी कर सकेंगे शेड्यूल

यह सुविधा केवल टेक्स्ट मैसेज तक सीमित नहीं रहेगी। यूजर्स फोटो, वीडियो और लिंक भी पहले से शेड्यूल कर सकेंगे। उदाहरण के लिए, किसी दोस्त को जन्मदिन पर फोटो के साथ शुभकामना भेजनी हो या किसी ग्रुप में तय समय पर वीडियो शेयर करना हो, तो यह काम पहले से किया जा सकेगा। मैसेज डिलीवर होने के बाद सामने वाले व्यक्ति को यह सामान्य WhatsApp मैसेज की तरह ही दिखाई देगा।

फोन बंद होने पर भी समय पर जाएगा मैसेज

इस फीचर की एक खास बात यह बताई गई है कि शेड्यूल किए गए मैसेज भेजने के लिए यूजर का फोन चालू या इंटरनेट से कनेक्ट होना जरूरी नहीं होगा। अगर फोन की बैटरी खत्म हो जाए, डिवाइस स्विच ऑफ हो जाए या नेटवर्क उपलब्ध न हो, तब भी निर्धारित समय पर मैसेज डिलीवर हो सकेगा। इससे यूजर्स को फोन बंद होने या इंटरनेट कनेक्शन न होने की स्थिति में भी मैसेज छूटने की चिंता नहीं रहेगी।

End-to-End Encryption के साथ मिलेगी सुरक्षा

शेड्यूल किए गए मैसेज भी सामान्य निजी चैट की तरह End-to-End Encryption के तहत सुरक्षित रहेंगे। इसका मतलब है कि मैसेज भेजने वाले और प्राप्त करने वाले के अलावा कोई तीसरा व्यक्ति उसका कंटेंट नहीं पढ़ सकेगा। इसके साथ ही यूजर्स को अपने शेड्यूल किए गए मैसेज पर पूरा नियंत्रण मिलेगा। अगर किसी मैसेज को भेजने से पहले प्लान बदल जाता है, तो उसे तय समय से पहले देखा, डिलीट या कैंसिल किया जा सकेगा।

रोहतक में अपराधियों ने दी कानून-व्यवस्था को चुनौती

पुलिस चौकी से महज़ 50 कदम दूर चलीं गोलियां, चार युवकों का मर्डर, हरियाणा में गैंगवार का शक

रात 1 बजे खरावड़ गांव स्थित मिलन होटल में वारदात

- हमलावरों ने होटल पहुंचकर अंधाधुंध फायरिंग कर दी
- करीब 30 राउंड गोलियां चलने की बात सामने आई है

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

रोहतक। हरियाणा के रोहतक में अपराधियों ने एक बार फिर कानून-व्यवस्था को चुनौती देते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे खरावड़ गांव स्थित मिलन होटल में खाना खा रहे चार युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने अचानक होटल में पहुंचकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान करीब 30 राउंड



गोलियां चलने की बात सामने आई है। हैरानी की बात यह है कि वारदात खरावड़ पुलिस चौकी से महज 50 कदम की दूरी पर हुई। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार, चारों युवक खरावड़ गांव के मिलन होटल में बैठकर खाना खा रहे थे। इसी दौरान हथियारों से लैस हमलावर वहां पहुंचे और उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। अचानक हुई फायरिंग से होटल में अफरा-तफरी मच गई। हमले में चारों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। इस सामूहिक हत्याकांड में मारे गए युवकों की पहचान झज्जर जिले के डीघल गांव निवासी रिंकू (28), विनीत (22), यश उर्फ गंजू (22) और बेरी निवासी हिमांशु (26) के रूप में हुई है। मृतकों में से तीन युवक बाबा गैंग से जुड़े बताए जा रहे हैं। वहीं, चौथे युवक हिमांशु का किसी गैंग से संबंध नहीं है।

भाऊ गैंग ने ली हत्या की जिम्मेदारी

इस वारदात के पीछे हिमांशु भाऊ गैंग के बदमाशों का हाथ होने का आरोप लगाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने करीब 30 राउंड फायरिंग की। वारदात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट सामने आई है, जिसमें भाऊ गैंग की तरफ से हत्या की जिम्मेदारी लेने का दावा किया गया है। पोस्ट में दो हत्याओं का बदला लेने की बात भी कही गई है। हालांकि, सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इस पोस्ट की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। हालांकि, वारदात को लेकर पुलिस की जांच और आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

पुलिस ने शक के अधार पर व्यक्ति से बरामद की 1 ग्राम हेरोइन

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर)- थाना जीरा सदर की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लो के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से हेरोइन बरामद की है। उक्त मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना जीरा सदर के एएसआई गगनप्रीत सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान बस अड्डा मलसीयां के नजदीक सर्बजीत सिंह उर्फ सन्नी पुत्र सोहन सिंह वासी गांव बहक गुजरां को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से तलाशी के दौरान 1 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामले की जांच कर रहे गगनप्रीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषी सर्बजीत पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

आप की मेगा रैली से पहले एक दर्दनाक हादसा

मीडिया फूड सेंटर में कॉफी मशीन फटने से एक की मौत

- मशीन का एक टुकड़ा सीधे लेबर के सिर पर जा लगा है
- इसमें स्मार्ट राशन कार्ड योजना की शुरुआत की जाएगी

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

मोगा। पंजाब के मोगा में आम आदमी पार्टी की मेगा रैली से पहले एक दर्दनाक हादसा हो गया। रैली स्थल के पास मीडिया फूड सेंटर में कॉफी मशीन अचानक तेज धमाके के साथ फट गई। मशीन का एक टुकड़ा सीधे लेबर के सिर पर जा लगा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, घटना उस समय हुई जब लेबर



कॉफी बना रहा था। बताया जा रहा है कि मशीन में प्रेशर ज्यादा बनने के कारण वह अचानक फट गई। दरअसल, मोगा के गांव नथूवाला जदीद में बड़ा राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में स्मार्ट राशन कार्ड योजना की शुरुआत की जाएगी। इसमें मुख्यमंत्री भगवंत मान, अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत पंजाब सरकार के मंत्री और पार्टी के कई बड़े नेता शामिल होंगे।

116 एकड़ जमीन में विशाल पंडाल तैयार

कार्यक्रम के लिए करीब 116 एकड़ जमीन में विशाल पंडाल तैयार किया गया है। इसमें पंजाब के अलग-अलग हिस्सों से डेढ़ लाख से ज्यादा लोगों के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। फिलहाल रैली से पहले हुए इस हादसे ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

26-11-2026_Layout 1 27-11-2026 01:26 Page 3

पाकिस्तान गए सिख श्रद्धालुओं के जत्थे से तीन श्रद्धालु लापता, पंजाब के रहने वाले बताए जा रहे

- 2,339 श्रद्धालुओं का जत्था श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व मनाने गया था; ननकाना साहिब से पंजा साहिब रवाना होने से पहले सामने आया मामला



अटारी-वाघा सीमा से पाकिस्तान जाते सिख श्रद्धालुओं के जत्थे की तस्वीर लगाएं।

जालंधर सिटी
लवर्स न्यूज

अमृतसर। श्री गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश पर्व मनाने के लिए पाकिस्तान गए भारतीय सिख श्रद्धालुओं के जत्थे से तीन श्रद्धालुओं के लापता होने की खबर सामने आई है। तीनों श्रद्धालु पंजाब के रहने वाले बताए जा रहे हैं। इस घटना के बाद श्रद्धालुओं और उनके परिजनों में चिंता का माहौल है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, 22 नवंबर को 2,339 सिख श्रद्धालु अटारी-वाघा सीमा के रास्ते पाकिस्तान पहुंचे थे। जत्थे ने ननकाना साहिब में प्रकाश पर्व के धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। 25 नवंबर की सुबह जब जत्थे को पंजा साहिब के लिए रवाना होना था, तब तीन श्रद्धालु अपने निर्धारित स्थान पर नहीं मिले। इसके बाद उनकी तलाश शुरू की गई। लापता बताए जा रहे श्रद्धालुओं की पहचान जालंधर जिले के फिल्लौर क्षेत्र के गांव खोखेवाल निवासी बिक्कर सिंह, तरनतारन की गुरु नानक कॉलोनी निवासी विक्रमजीत सिंह और अमृतसर के सुल्तानविंड निवासी हरप्रीत सिंह के रूप में हुई है। फिलहाल तीनों के लापता होने के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। मामले की जानकारी सामने आने के बाद उनकी तलाश और पूरे घटनाक्रम को लेकर चिंता बढ़ गई है। अधिकारियों की ओर से आधिकारिक पुष्टि और आगे की जानकारी का इंतजार है।

पंजाब के रोपड़ में वीरवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा

रोपड़ में 5 वाहनों को मारी टक्कर, स्विफ्ट कार पर पलटा रेत से भरा टिप्पर, 3 की दर्दनाक मौत

- हादसे के बाद हाईवे पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई
- कार को टिप्पर के नीचे से निकालने के लिए जेसीबी की मदद ली

जालंधर सिटी
लवर्स न्यूज

रोपड़। पंजाब के रोपड़ में वीरवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। भरतगढ़ के पास सरसा नंगल की सड़क पर रेत से भरा एक ओवरलोड टिप्पर अचानक अनियंत्रित हो गया। तेज रफ्तार टिप्पर ने आगे चल रहे 5 वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद टिप्पर दिल्ली नंबर की एक स्विफ्ट कार के ऊपर पलट गया। भारी टिप्पर के नीचे कार पूरी तरह दब गई। इस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, हादसा दोपहर करीब 2 बजे हुआ। रेत से लदा टिप्पर भरतगढ़ के पास सरसा नंगल की उतराई से गुजर रहा था।





कार में फंसे लोगों को निकालने के लिए बुलाई जेसीबी

हादसे के बाद हाईवे पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। टिप्पर के नीचे कार दबने के कारण उसमें फंसे लोगों को निकालना मुश्किल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। कार को टिप्पर के नीचे से निकालने के लिए जेसीबी मशीन की मदद ली गई। इस भीषण हादसे के चलते हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों के सड़क पर होने के कारण यातायात प्रभावित रहा। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य जारी रहा। टक्कर में दो से तीन वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

तमिलनाडु में सरकारी कर्मचारियों के लिए एक नई छुट्टी व्यवस्था लागू

- पिता बनने वाले सरकारी कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले! अब 15 दिन की मिलेगी छुट्टी, ष्टरूका ऐलान
- सरकारी कर्मचारियों के लिए पहली बार यह सुविधा शुरू की गई
- जन्म से 15 दिन पहले या बच्चे के जन्म के छह माह में छुट्टी ले सकेंगे
- जन्म के समय मां और नवजात के लिए पिता की भागीदारी भी जरूरी



जालंधर सिटी
लवर्स न्यूज

तमिलनाडु। तमिलनाडु में सरकारी कर्मचारियों के लिए एक नई छुट्टी व्यवस्था लागू की गई है। मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने पुरुष सरकारी कर्मचारियों को 15 दिन का पितृत्व अवकाश (Paternity Leave) देने की घोषणा की है। इस फैसले के तहत विवाहित पुरुष सरकारी कर्मचारी बच्चे के जन्म से 15 दिन पहले या बच्चे के जन्म के छह महीने के भीतर छुट्टी ले सकेंगे। राज्य में पुरुष सरकारी कर्मचारियों के लिए पहली बार यह सुविधा शुरू की गई है। सरकार का कहना है कि बच्चे के जन्म के समय मां और नवजात को पिता की भागीदारी भी बेहद जरूरी है। विवाहित पुरुष सरकारी कर्मचारियों को कुल 15 दिन का पितृत्व अवकाश मिलेगा। कर्मचारी सुविधा अनुसार यह छुट्टी बच्चे के जन्म की संभावित तारीख से 15 दिन पहले से ले सकते हैं। बच्चे के जन्म के बाद छह महीने की अवधि के भीतर भी इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। इसका उद्देश्य पिता को बच्चे के जन्म के समय पत्नी के साथ रहने, उसकी देखभाल करने और नवजात की जिम्मेदारियों में हाथ बंटाने का अवसर देना है। तमिलनाडु सरकार के मुताबिक, पुरुष सरकारी कर्मचारियों की ओर से लंबे समय से पितृत्व अवकाश शुरू करने की मांग की जा रही थी। इस संबंध में सरकार को कई अनुरोध पत्र भी मिले थे। सरकार ने इन मांगों पर विचार करने के बाद यह फैसला लिया। बच्चे के जन्म के आसपास का समय मां और नवजात दोनों के लिए महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान पिता का शारीरिक और भावनात्मक सहयोग परिवार के लिए काफी अहम है।

महिला को मिलती 365 दिन की मैटरनिटी लीव

तमिलनाडु में महिला सरकारी कर्मचारियों को पहले से ही 365 दिन यानी एक साल का मातृत्व अवकाश दिया जाता है। अगस्त 2026 में राज्य सरकार ने तीसरे बच्चे के जन्म पर भी महिला कर्मचारियों को 12 सप्ताह के बजाय 365 दिन की छुट्टी देने की घोषणा की थी। इससे पहले महिला कर्मचारियों को 12 सप्ताह का मातृत्व अवकाश मिलता था। सरकार ने नियमों में बदलाव कर पात्र महिला कर्मचारियों के लिए इसे बढ़ाकर एक साल कर दिया।

जय माता दी...



मां राजराजेश्वरी कामाख्या देवी धाम कोट सदीक नजदीक गाखला पुल धालीवाल जालन्धर में मां बगलामुखी जी के निमित्त नि:शुल्क साप्ताहिक हवन यज्ञ मन्दिर परिसर में किया गया जिसमें मुख्य जजमान कन्हैया सहगल विक्रम भसीन राजेश शर्मा इंद्र कुमार भार्गव प्रदीप सनी नितिन पाठक रमेश लाल मनीष हांडा विजय हांडा पंडित राजेश कौशिक पंडित अविनाश गौतम शॉर्ट सुविचार पूजन कर करके हवन यज्ञ में आहुतियां डलवाए हवन यज्ञ के उपरांत लंगर भंडारे का आयोजन किया गया

संविधान दिवस पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित कर भाजपा जालंधर की विशेष संगठनात्मक बैठक संपन्न

चुनावी तैयारियों में अभी से जुट जाएं कार्यकर्ता, हर बूथ पर भाजपा की मजबूत उपस्थिति और जनता से सीधा संवाद हमारी प्राथमिकता : अशोक सरीन हिक्की

जालंधर सिटी
लवर्स न्यूज

जालंधर। आज भाजपा जालंधर शहरी के जिला प्रधान अशोक सरीन हिक्की की अध्यक्षता में लाइंस क्लब जालंधर में विशेष संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। संविधान दिवस के अवसर पर बैठक की शुरुआत में भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस बैठक में जालंधर भाजपा के प्रवासी प्रभारी एवं अंबाला, हरियाणा के पूर्व विधायक असीम गोयल तथा पंजाब भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी स्वयं प्रकाश बराल विशेष रूप से उपस्थित हुए। बैठक में पूर्व पंजाब भाजपा प्रधान मनोरंजन कालिया, प्रदेश उपप्रधान राकेश राठौड़, पंजाब भाजपा एससी मोर्चा प्रधान एवं पूर्व विधायक शीतल अंगुराल, प्रदेश सचिव अमरजीत सिंह अमरी, कमलजीत कौर चौधरी, पूर्व विधायक श्री के डी भण्डारी,पूर्व जिला प्रधान सुशील शर्मा, रमन पब्बी, रवि महेंद्रू, सुभाष सूद, दीवान अमित अरोड़ा, अनिल सच्चर, जिला महामंत्री दविंदर भारद्वाज, योगेश धीर, दीपक तेलु,पार्षद तरविंदर सोई, गुरजीत फौजी, राजीव ढींगरा, अजय बबल, कंवर सरताज, पार्षद पति दर्शन लाल भगत, अमित संधा, अश्वनी ढड, पार्षद पुत्र कृष्णा मनिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नवराज , अश्वनी भंडारी, गोल्डी भाटिया,मुनीश विज ,अश्वनी अटवाल, सनी शर्मा, तरसेम थापा, बलजीत प्रिंस, अमित भाटिया, शालू यादव , शैली खन्ना, रितु कौशल, आरती राजपूत, सुमन राणा, राजिंदर सिंह पप्पी, गौरव जोशी, दीपक पंडित,सभी मंडल अध्यक्ष सहित अनेक भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर संगठनात्मक जिम्मेदारियों को मजबूत करते हुए राज कुमार चौधरी को भाजपा जालंधर एनजीओ सेल का जिला कन्वीनर तथा विक्की कौशल को जिला मीडिया सेल का कन्वीनर नियुक्त किया गया।

29 नवंबर को हर बूथ पर होगा 'मन की बात' कार्यक्रम, सोशल मीडिया पर भाजपा की उपलब्धियों और जनहित के मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से जनता तक पहुंचाने का आह्वान।

कार्यकर्ताओं की एकजुटता और बूथों की मजबूती से बनेगी 2027 में भाजपा की जीत की राह - अशोक सरीन हिक्की बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान अशोक सरीन हिक्की ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए अब



समय आ गया है कि सभी कार्यकर्ता अपनी संगठनात्मक जिम्मेदारियों को पूरी गंभीरता, सक्रियता और समर्पण के साथ निभाएं। चुनावी तैयारियां केवल चुनाव के समय नहीं, बल्कि अभी से प्रत्येक बूथ पर मजबूत टीम, घर-घर संपर्क और जनता के बीच निरंतर संवाद के माध्यम से शुरू करनी होंगी। उन्होंने सभी मंडल प्रधानों, मोर्चों, प्रकोष्ठों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि 29 नवंबर, रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' का आयोजन प्रत्येक बूथ पर पूरी सक्रियता और सामूहिक भागीदारी के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री और देश की जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। इसे हर बूथ पर प्रभावशाली तरीके से आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। सोशल मीडिया आज संगठन की आवाज को जनता तक पहुंचाने का सबसे प्रभावशाली माध्यम - अशोक सरीन अशोक सरीन हिक्की ने पंजाब भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी स्वयं प्रकाश बराल के मार्गदर्शन में सोशल मीडिया टीम को और अधिक सक्रिय, संगठित एवं परिणामोन्मुख बनाने पर जोर देते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया केवल प्रचार का माध्यम नहीं, बल्कि जनता के साथ संवाद, जनसमस्याओं को उठाने और भाजपा की विचारधारा, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों को हर वर्ग तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण हथियार है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया पर विपक्ष के झूठे प्रचार और भ्रामक नैरेटिव का तथ्यों के साथ जवाब देना चाहिए। केंद्र सरकार की उपलब्धियों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हो रहे विकास और पंजाब के ज्वलंत जनहित के मुद्दों को आक्रामक, प्रभावशाली और सकारात्मक तरीके से जनता के सामने रखना समय की मांग है। प्रत्येक मंडल और बूथ स्तर पर सोशल मीडिया टीम की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में पूर्व विधायक असीम गोयल ने भी संगठनात्मक मजबूती, चुनावी प्रबंधन, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों और बूथ स्तर पर सक्रियता को लेकर मार्गदर्शन दिया। वहीं स्वयं प्रकाश बराल ने सोशल मीडिया के बेहतर प्रबंधन, डिजिटल प्रचार की रणनीति और पार्टी के संदेश को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने के महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अशोक सरीन हिक्की ने सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जालंधर भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने और आगामी चुनावों में भाजपा को मजबूत जनसमर्थन दिलाने के संकल्प के साथ काम करेगा।







26-11-2026_Layout 1 27-11-2026 01:26 Page 4

सिर्फ सीटों के बंटवारे के लिए हुआ अकाली-भाजपा गठबंधन, पंजाब के पानी, चंडीगढ़, बंदी सिखों और पंजाबी भाषी क्षेत्रों के मुद्दों को अकाली दल ने छोड़ाः सुखपाल सिंह खैहरा

जालंधर सिटी
लवर्स न्यूज

जालंधर/बादल। अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के चेयरमैन एवं विधायक सुखपाल सिंह खैहरा ने आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय जालंधर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अकाली-भाजपा गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह गठबंधन पूरी तरह राजनीतिक मौकापरस्ती और मजबूरी का समझौता है। दोनों पार्टियों ने केवल सीटों के बंटवारे को ध्यान में रखकर हाथ मिलाया है, जबकि पंजाब के असली मुद्दों और अधिकारों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अकाली दल कभी पंजाब के अधिक अधिकारों और संघीय ढांचे की मजबूती की बात करता था, लेकिन आज उसी भाजपा के साथ गठबंधन कर रहा है, जो लगातार राज्यों के अधिकारों को कमजोर कर रही है। सुखपाल खैहरा ने कहा कि अकाली दल को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या उसने भाजपा के सामने पंजाब के अधिकारों से जुड़े अपने पुराने स्टैंड को छोड़ दिया

■ अमित शाह का नशे के खिलाफ लड़ाई को सत्ता हासिल करने की शर्त से जोड़ना पंजाब के साथ अन्याय

है? क्या अब उसे पंजाबी भाषी क्षेत्रों को पंजाब में शामिल करवाने, पंजाब के पानी के साथ हुए भेदभाव, बंदी सिखों की रिहाई, बीबीएमबी पर



पंजाब के अधिकार और चंडीगढ़ पर पंजाब के दावे जैसे अहम मुद्दे याद नहीं रहे? उन्होंने कहा कि चंडीगढ़, जो पंजाब की राजधानी है, वहां आज भी हरियाणा का प्रभाव और कब्जा लगातार बढ़ रहा है। पंजाब के पानी के मामले में राज्य के साथ अन्याय हुआ है और उसके अधिकार छीने

■ भाजपा छोटी क्षेत्रीय पार्टियों को खत्म कर देती है, पंजाब में अकाली दल को भी निगल जाएगी भाजपा

गए हैं। इन सभी गंभीर मुद्दों को दरकिनार कर अकाली दल ने भाजपा के साथ केवल चुनावी सीटों और सत्ता के लिए समझौता कर लिया है। उन्होंने कहा कि अकाली दल एक क्षेत्रीय पार्टी है, जिसकी राजनीतिक विचारधारा राज्यों को अधिक अधिकार देने और मजबूत संघीय ढांचे पर आधारित रही है। लेकिन भाजपा की राजनीति लगातार सत्ता के केंद्रीकरण की रही है। जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त कर उसे केंद्र शासित प्रदेश में बदलना इसका बड़ा उदाहरण है। इसी तरह 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की अवधारणा भी सत्ता के केंद्रीकरण की दिशा में एक कदम है। खैहरा ने अकाली दल से सवाल किया कि क्या उसने यूजीसी के मुद्दे और राज्यों के अधिकारों से जुड़े मामलों पर भी भाजपा के सामने अपना स्टैंड छोड़ दिया है? उन्होंने कहा कि जिस भाजपा ने नीतीश कुमार की पार्टी, शिवसेना और अन्य क्षेत्रीय राजनीतिक दलों को कमजोर करने और अपने अधीन करने का काम किया, वही भाजपा भविष्य में अकाली दल को भी निगल जाएगी। खैहरा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर भी सवाल उठाए, जिसमें उन्होंने कहा है कि दिसंबर 2029 तक पंजाब से नशा खत्म कर दिया जाएगा।









26-11-2026_Layout 1 27-11-2026 01:26 Page 5



'श्री राम वन गमन एवं केवट की भक्ति' तथा 'डिप्रेशन से कैसे पाएं मुक्ति' पर साध्वी जी के ओजस्वी विचार; 'यदि जन्म लें राम आज, पहचानोगे कैसे' का दिया संदेश



कथा के मुख्य आध्यात्मिक एवं सामाजिक बिंदु

- श्री राम वन गमन एवं केवट की भक्ति
- डिप्रेशन से कैसे पाएं मुक्ति
- यदि जन्म लें राम आज, पहचानोगे कैसें





जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

जालंधर/जतिन। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (DJJS) द्वारा अभावग्रस्त व गरीब बच्चों की निशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को समर्पित सामाजिक प्रकल्प 'मंथन' के सहयोगार्थ साईं दास स्कूल ग्राउंड में आयोजित भव्य 'श्री राम कथामृत' का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ जारी है। पावन कथा में संस्थान के संस्थापक एवं संचालक श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या, विश्व विख्यात कथा व्यास साध्वी सुश्री श्रेया भारती जी ने 'श्री राम वन गमन एवं केवट की भक्ति', 'डिप्रेशन से कैसे पाएं मुक्ति' तथा 'यदि जन्म लें राम आज, पहचानोगे कैसे' जैसे अत्यंत प्रासंगिक और संवेदनशील विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा के दौरान जब श्री राम वन गमन और केवट की अनन्य भक्ति का प्रसंग आया, तो पूरा पंडाल भक्तिरस और भावों से सराबोर हो गया। साध्वी बहनों द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

कथा के मुख्य आध्यात्मिक एवं सामाजिक बिंदु:

* श्री राम वन गमन एवं केवट की भक्ति- साध्वी सुश्री श्रेया भारती जी ने श्री राम वन गमन प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का वन गमन त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और धर्म की सर्वोच्च साधना का प्रतीक है। केवट प्रसंग पर विचार रखते हुए उन्होंने बताया कि केवट की भक्ति किसी स्वार्थ या दिखावे से रहित थी। उसने प्रभु के चरण पखारने से पूर्व उनका मर्म जाना और निश्छल प्रेम व समर्पण से प्रभु को अपना बना लिया। सच्ची भक्ति पद, प्रतिष्ठा या ज्ञान का नहीं, बल्कि निर्मल भाव और पूर्ण समर्पण का विषय है।

* डिप्रेशन से कैसे पाएं मुक्ति- वर्तमान समय की बड़ी चुनौती मानसिक तनाव और अवसाद (डिप्रेशन) पर चर्चा करते हुए साध्वी जी ने कहा कि आज का मनुष्य बाहरी सुख-सुविधाओं के बावजूद भीतर से खाली और अशांत है। अनावश्यक अपेक्षाएं, प्रतिस्पर्धा और आध्यात्मिक शून्यता डिप्रेशन को जन्म देती है। इससे मुक्ति का मार्ग ध्यान, संतोष, सकारात्मक चिंतन और अंतर्जगत के जागरण में है। जब व्यक्ति 'ब्रह्मज्ञान' के माध्यम से अपने भीतर परमात्मा के स्वरूप का अनुभव करता है, तो मन को स्थायी शांति और संबल मिलता है।

* यदि जन्म लें राम आज, पहचानोगे कैसे- इस विचारोत्तेजक विषय पर साध्वी जी ने समाज को झकझोरते हुए कहा कि हम ग्रंथों और उत्सवों में राम को तो पूजते हैं, लेकिन क्या आज के समाज में यदि राम किसी रूप या वेश में प्रकट हों, तो हम उन्हें पहचान पाएंगे? बाहरी रूप, रंग, जाति या वेशभूषा से परे राम तत्व को पहचानने के लिए विवेक, शुद्ध दृष्टि और आध्यात्मिक जागृति आवश्यक है। जो पूर्ण गुरु द्वारा ब्रह्म ज्ञान प्राप्त कर लेता है। राम प्रकाश रूप में उसके हृदय में प्रकट होते है। उसी में रामत्व की झलक मिलती है।

* मंथन प्रकल्प के माध्यम से समाज का उत्थान- उन्होंने कहा कि 'मंथन' प्रकल्प के तहत वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षित कर उन्हें किताबी ज्ञान के साथ-साथ नैतिक और आध्यात्मिक संस्कार भी दिए जा रहे हैं, ताकि वे एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण कर सकें।

पूजन एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति-

कथा का शुभारंभ विधिवत मुख्य यजमान गौतम कुकरेजा, सोनू कुकरेजा, गौरव कुकरेजा, प्रीति कुकरेजा, दैनिक यजमान डा. बी डी शर्मा, अंकुर अग्रवाल परिवार द्वारा पूजन एवं पावन ज्योति प्रज्वलन के साथ हुआ, पावन श्री आरती के अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य अतिथि, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, शिक्षाविद तथा असंख्य प्रभु भक्त विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्वामी सदानंद जी, स्वामी चिन्मयानंद जी, स्वामी गिरधारानंद जी, स्वामी गुरशरणानंद जी, स्वामी सर्वानंद जी, जालंधर शाखा प्रमुख साध्वी पल्लवी भारती जी, साध्वी सुमन भारती जी, स्वामी रजनी भारती जी सहित ओर भी संत समाज उपस्थित रहा।

स्वामी सज्जनानंद जी ने समस्त जालंधर वासियों से विनम्र अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में साईं दास स्कूल ग्राउंड पहुंचकर इस ज्ञानयज्ञ का लाभ उठाएं और 'मंथन' प्रकल्प के इस नेक कार्य में सहभागी बनें।

आज के कथा प्रसंग में क्या नवधा भक्ति देती है मुक्ति की युक्ति, चित्रकूट में भक्ति रंग शबरी प्रसंग, श्री राम के जीवन चरित्र से सीखे प्रकृति का सम्मान आदि विषयों को भजनों के माध्यम से श्रवण करेंगें। इस मौके पर जालंधर के मेयर विनीत धीर, श्वेता धीर, दीपक बाली, बलवीर सिंह भट्टी, ए आई जी नवजोत माहल, दिनेश कत्याल, अजय कॉल, वरिंदर मलिक, डॉ यशपाल वासन, डॉ लवली नय्यर, सरदार इकबाल सिंह ढींढसा, आर एस एस से विजय गुलाटी, नरेंद्र, सुनील सहगल राघव सहगल, कंकेश गुप्ता, रजिंदर बेरी, राजिंदर सिंह, पार्षद दविंदर रोनी, पार्षद राजेंद्र सिंह राजा, पार्षद अविनाश मानक, वीरेंद्र मलिक, प्रदीप वासुदेव, रश्मि महाजन, एडवोकेट बलराज शर्मा, जुगल मारवाहा, डॉ शैली गुप्ता, ममता नंदा, डॉ शमिंदरजीत कौर (प्रिंसिपल रामगढ़िया कॉलेज), डॉ हिमांशी गुप्ता, वरुण, विजय शर्मा, अश्विनी अग्रवाल, राजेश भट्टी, प्रवेश गुलाटी, जसवीर सिंह आदि मौजूद थे।